# लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करनेवाले बूथ अध्यक्ष सीपी सिंह के हाथों सम्मानित

■ स्वर्गीय अटल जी की याद में बनाया गया यह स्मृति भवन : डॉ शशिभूषण

खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** भाजपा द्वारा आयोजित लेस्लीगंज के अटल स्मृति भवन में पांकी विधानसभा अंतर्गत लोकसभा में शानदार प्रदर्शन करने वाले बूथ स्तर पर अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा में कार्यकर्ता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि रांची के विधायक सीपी सिंह ने अटल स्मृति भवन का उद्घाटन किया। जिसमें स्थानीय विधायक डॉ मेहता ने पूजा पाठ के साथ एक विशेष अनुष्ठान किया। साथ ही अटल जी की प्रतिमा स्थापित किया गया, जिसका अनावरण किया गया।

उद्घाटन एवं अनावरण पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सह रांची विधायक सीपी सिंह, स्थानीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने सामूहिक रूप से किया।

मौके पर मुख्य अतिथि सीपी सिंह ने कहा कि आज का दिन बड़ा सुखद दिन है जिसमें देश के पूर्व प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेई की याद में अटल स्मृति भवन एवं उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया उसी में ये अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा की गयी है। ये कार्यकर्ताओं की देन है जो कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ता दिन रात मेहनत के चलते ही मेरा बूथ सबसे मजबूत होता है।

## भाजपा में नेता नहीं, कार्यकर्ता की होती है पूजा : विधायक

अभी 2 महीना के बाद आने वाला विधानसभा चुनाव में भाजपा को शत प्रतिशत जीत दिलाना है। कहा कि झारखंड में लुटेरी सरकार बनी है। अब तक बालू कोयला भू माफिया एवं झारखंड को लूटा है। आज भाजपा की ही देन है कि केंद्र सरकार में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है जो कि महिलाओं को आगे आना होगा और प्रत्येक बूथ में सहभागिता बढ़ाना होगा। चतरा लोकसभा चुनाव जीतकर भाजपा की झोली में डालने का कार्य किया आप बधाई के पात्र हैं।




रांची विधायक का स्वागत करते और कार्यकर्ता को सम्मानित करते विधायक।

**क्या बोले पांकी विधायक :** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि पूरे पांकी विस में जिस प्रकार कार्यकर्ता मेहनत किये हैं, उसका परिणाम 272 बूथ में भाजपा को बढ़त मिली। कहा कि यह अटल जी की याद में बनाया गया है। लोकसभा चुनाव में जो कार्यकर्ता मेहनत किये, सभी कार्यकर्ता सम्मान के पात्र हैं। आने वाले विस चुनाव में हम लोगों को भाजपा को प्रचंड जीत दिलानी होगी। झारखंड में भाजपा का सरकार बनाना होगा, नहीं तो इस राज्य में सनातनियों को बहुत खतरा होगी। झारखंड बंगाल की तरह हो जायेगा।

### कार्यक्रम में ये भी रहे मौजूद

कार्यक्रम में प्रेम सिंह, किसलय तिवारी, लवली गुप्ता, लाला प्रसाद यादव प्रकाश मेहता, अरविंद गुप्ता, सुनील पासवान, कुसुम देवी, अरुण सिंह, शत्रुघ्न सिंह, विजय पाठक, अरुण सिंह, निर्मल मेहता, बिगू साव, शंकर गुप्ता, सुरेंद्र सिंह, वीरेंद्र कुमार, अरुण सिंह सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने अटल स्मृति भवन में की पूजा अर्चना



पांकी विस क्षेत्र के नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के अटल स्मृति भवन की पूजा अर्चना पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने की। कार्यक्रम में सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित होकर प्रसाद लिये। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रमुख सुनील पासवान, उप प्रमुख कुसुम देवी, प्रो. बच्चन ठाकुर, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, समाजसेवी कमेश यादव, पिपरा खुर्द पंचायत के पूर्व मुखिया अजय पासवान, चेंबर अध्यक्ष छोटेलाल सोनी, निजी सहायक सरोज चटर्जी, विनोद कुमार राम, चंदन सोनी, सुधीर तिवारी, दिलीप मेहता समेत कई लोग शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री का किया स्वागत



**मेदिनीनगर।** रांची एयरपोर्ट पर झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का स्वागत भाजपा किसान मोरचा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह ने किया। श्री चौहान पार्टी के कार्यक्रम में भाग लेने रविवार को रांची आये हैं।

### बनुआ गांव में वज्रपात से भैंस की मौत



**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू)।** प्रखंड के बनुआ गांव में 12 जुलाई को वज्रपात से एक भैंस की मौत हो गयी थी। भैंस गांव के रामदेव यादव के पुत्र शिवनाथ का बताया जाता है। शिवनाथ ने बताया कि घटना करीब तीन बजे की है। जिस समय घर के पास ही भैंस खेत में चर रही थी। इसी क्रम में बारिश के दौरान वज्रपात हुई और घटना पर घटनास्थल पर भैंस की मौत हो गयी।

### कांग्रेस नेता लक्ष्मीनारायण ने सदर व सतबरवा प्रखंड में किया जनसंपर्क



**मेदिनीनगर।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव लक्ष्मीनारायण तिवारी ने बिधानसभा चुनाव के मद्देनजर सदर प्रखंड एवं सतबरवा प्रखंड के पोखराहा, पोलपोल, लहलहे, भोगु सिंदुरिया, झाबर, पोची, चियांकी, जोरकट गांव में जनसंपर्क यात्रा की। श्री तिवारी ने ग्रामीणों की समस्या भी सुनी। उन्होंने झारखंड सरकार की सरकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष विद्या सिंह चेरो, उपाध्यक्ष अमरेश पांडेय, दीपक कुमार, मेघनाथ राम, पोलपोल के पूर्व मुखिया रविंद्र सिंह, पोंची के पूर्व मुखिया निरंजन उपाध्याय थे।

### अधिवक्ता सुरक्षा कानून व कल्याण कोष को बढ़ावा दें सीएम : रामदेव यादव



**रांची/मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार प्रदेश में अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने, मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण कोष का गठन करने सहित प्रति अधिवक्ता को 10 लाख का बीमा और 05 लाख का मेडिक्लेम शीघ्र लागू किया जाना चाहिए यह बातें झारखण्ड राजद विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने कही। श्री यादव ने कहा कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार ने अधिवक्ता गण के कल्याण के लिए 10 लाख की बीमा, 05 लाख की मेडिक्लेम और मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण कोष का गठन कर प्रतिवर्ष 50 करोड़ की राशि प्रदान किया जा रहा है।

### पाटन के निवर्तमान सीओ का निधन, शोक



**पाटन पलामू।** पाटन के निवर्तमान सीओ लाल बाबु का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया। लाल बाबू अपने पीछे दो बेटी समेत भरा पूरा परिवार को छोड़ गये हैं। निवर्तमान सीओ लाल बाबु पाटन अंचल में सीओ के पद पर वर्ष 2021 से 2024 तक सेवा में रहे। ये विकलांग होते हुए भी पाटन अंचल में प्रतिदिन आकर लोगों के समस्या का निदान किया करते थे। इधर, पाटन सीओ लाल बाबु के आकस्मिक निधन की खबर सुनते ही पाटन के लोगों में शोक की लहर दौड़ गयी।

### 21 जुलाई को कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे सुदेश महतो



**हुसैनाबाद पलामू।** 21 जुलाई को आजसू पार्टी के होने वाला कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर रविवार को पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के हुसैनाबाद नहार मोड़ स्थित आवास पर कार्यकर्ता बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता रामराज पासवान व संचालन मुकेश मेहता ने किया। बैठक में उपस्थित हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने बताया कि 21 जुलाई हुसैनाबाद कर्पूरी मैदान स्थित टाउन हॉल में भव्य कार्यकता सम्मेलन किया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष व झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो होंगे। बैठक में जिलाध्यक्ष दिलीप चौधरी, केंद्रीय समिति सदस्य लवकेश कुमार सिंह, युवा नेता मुकेश मेहता, हरिनंदन मेहता, रामराज पासवान, राजू पासवान, विशाल वर्मा, महिला जिला अध्यक्ष प्रमिला देवी, अर्जुन पासवान, रमेश प्रजापति, मो खालिद भी थे।

### सेवानिवृत सीओ उतरेंगे सक्रिय राजनीति में

**मेदिनीनगर।** सरकारी सेवा में विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए 31 मार्च को रांची हेहल से अंचलाधिकारी के पद से सेवानिवृत होनेवाले राजकुमार चौरसिया सक्रिय राजनीति में उतर कर जनसेवा कार्य में लगेंगे। बेलवाटिका स्थित काली मंदिर के समीप अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर श्री चौरसिया ने कहा कि डालटनगंज विस क्षेत्र की एक भी ज्वलंत समस्या झारखंड विधानसभा में सुनाई नहीं दिया। जिस कारण डालटनगंज-चैनपुर व भंडरिया विस क्षेत्र के लोगों को कई प्रकार के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब वे उनकी समस्याएं दूर करने सक्रिय राजनीति में कदम रखेंगे।

### रेड़मा के प्रतिष्ठित परिवार के घर लाखों की चोरी, स्थानीय लोगों में आक्रोश

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय उच्च पथ पर स्थित रांची रोड रेड़मा में स्थानीय प्रतिष्ठित परिवार के घरों को निशाना बनाए जाने पर पुलिस प्रशासन की विधि व्यवस्था पर लोगों ने सवाल उठाया है। बीती रात सड़क किनारे स्थित राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के बड़े भाई सह प्रतिष्ठित ठेकेदार प्रदीप तिवारी के घर में चोरों ने लाखों के गहने पर हाथ साफ किया है। दोमंजिला मकान पर चढ़कर खिड़की में लगे लोहे का ग्रील खोलकर अज्ञात चोरों ने अलमारी तोड़कर घटना को अंजाम दिया है।

# राज्य में भाजपा की पूर्ण बहुमत सरकार बनानी है : सीपी सिंह

■ अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा में डालटनगंज विधानसभा के टापर्स बूथ अध्यक्ष व मंडल अध्यक्षों को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते रांची विधायक।

**मेदिनीनगर।** नगर स्मृति भवन टाउन हॉल में रविवार को भाजपा की ओर से अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची विधायक सीपी सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने की व संचालन नगर मंडल अध्यक्ष अविनाश सिन्हा छोटू ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करने के बाद दीप प्रज्वलित कर एवं अतिथियों को फूल माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर किया गया। वहीं कार्यक्रम में डालटनगंज विधानसभा के टापर्स बूथ अध्यक्षो को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर मंचासिन अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि रांची विधायक सी पी सिंह ने कहा कि बूथ कमेटी के सदस्यों की भारतीय जनता पार्टी में अहम भूमिका रहती है। भाजपा के सभी बूथ स्तर के कार्यकर्ता सिर्फ चुनाव के दिन ही नहीं बल्कि 365 दिन आम लोगों के बीच काम करते हैं।

प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि क्षेत्र से भाजपा कार्यकताओं की कड़ी मेहनत की बदौलत ही लोकसभा चुनाव में डाल्टनगंज विस क्षेत्र से तकरीबन 86000 मतों से दूसरे राजद के प्रत्याशी से बढ़त बनायी थी। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भी पार्टी कार्यकर्ता झारखंड में सबसे अधिक मतों से डालटनगंज विस क्षेत्र से जीत दिलायेंगे। भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताआरें की विचारधारा पर आधारित पार्टी है। कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी है।

# पलामू के विकास में कचरवा डैम की होगी महत्वपूर्ण भूमिका : बीडी राम

■ सांसद ने नगर निगम अन्तर्गत वार्ड संख्या -05 में कचरवा डैम जीर्णोद्धार सह सौंदर्यीकरण कार्य का किया शिलान्यास

■ सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयास से कचरवा डैम का होगा सौंदर्यीकरण निर्माण

■ पलामू के विकास में कचरवा डैम के रूप में जुड़ा एक और कड़ी

खबर मन्त्र संवाददाता




शिलापट्ट अनावरण के बाद लोगों को संबोधित करते पलामू सांसद।

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने रविवार को मेदिनीनगर नगर निगम अन्तर्गत वार्ड संख्या -05 में कचरवा डैम जीर्णोद्धार सह सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया। सांसद श्री राम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व के कार्यकाल से ही उनकी मंशा थी कि उक्त डैम का निर्माण व जीर्णोद्धार का कार्य संपन्न हो ताकि पलामू जैसे आकांक्षी जिले में भी लोगों को बड़े शहरों जैसे पार्क में घूमने और नौका विहार करने की भी सुविधा मिले।

इस बाबत उन्होंने उक्त कार्य हेतु केंद्र सरकार से इसे अमृत योजना में शामिल करने का अनुरोध किया था ताकि इसका निर्माण व जीर्णोद्धार संभव हो सके परंतु दुर्भाग्यवश इस क्षेत्र की जनसंख्या एक लाख से कम होने के कारण इसे अमृत योजना में शामिल नहीं किया जा सका, क्योंकि अमृत योजना में किसी योजना को शामिल कराने हेतु उस क्षेत्र की जनसंख्या न्यूनतम 1 लाख होनी चाहिए। पूर्व के परिपेक्ष्य में इस क्षेत्र की जनसंख्या मात्र 76 हजार थी जो अब बढ़कर एक लाख से ऊपर हो गई तब जाकर इसे अमृत योजना के तहत जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण निर्माण की स्वीकृति मिली। सांसद श्री राम ने कहा कि डैम निर्माण होने से न सिर्फ इस क्षेत्र की भूमिगत जल स्तर में सुधार होगी बल्कि घूमने और नौका विहार करने वाले पर्यटकों को यहां आने से आस पड़ोस के लोगों को रोजगार भी प्राप्त होगा और उनकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी।

## अनुमंडल क्षेत्र के 87 टॉपर्स आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन से पुरस्कृत

■ 12 वर्षों से फाउंडेशन शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्रों कर रही हैं कार्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के जपला छतरपुर रोड स्थित उदयनाथ विश्वकर्मा कॉम्प्लेक्स में रविवार अनुमण्डल क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों से मैट्रिक व इंटर के परीक्षा 2024 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन के द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक अंगद किशोर व संचालन कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम की सुरुआत अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती व आचार्य सिद्धेश्वर पाठक के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इसमें क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के 87 टॉपर्स विद्यार्थियों को बैग पैक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।मुख्यातिथि अधिवक्ता चन्द्रेश्वर प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन शशि कुमार ने छात्र छात्राओं को उत्साहवर्धन करते हुए जीवन मे और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया।

## रेल पटरी पर ग्रामीणों का रोषपूर्ण प्रदर्शन, दो घंटे तक कार्य प्रभावित

■ रेल पटरी विस्तारीकरण में हुए भूमि अधिग्रहण के एक वर्ष बाद भी रैयतों को नहीं मिला मुआवजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** बरवाडीह - डेहरी रेलखंड के गढ़वा रोड जंक्शन और सिगसिगी स्टेशन के बीच सबौना गांव के पास आक्रोशित ग्रामीणों ने आज रेल पटरी पर खड़ा होकर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। इसके अलावा रेल पटरी विस्तारीकरण कार्य को भी दो घंटे तक बाधित रखा। ग्रामीण एक वर्ष बाद भी मुआवजा नहीं मिलने से आक्रोशित थे। यहां बताते चलें कि रेल विस्तारीकरण के तहत तीसरी रेल लाइन की पटरी बिछाई जा रही है जिसके लिए सैकड़ों रैयतों का भूमि अधिग्रहित किया गया था। रेल पटरी बिछाने का कार्य भी अंतिम चरण में है। अधिग्रहण के एक वर्ष बाद भी सबौना और घोरडिहा गांव के दर्जनों रैयतों को मुआवजा नहीं मिला है। इसी बात से रैयत आक्रोशित थे। रैयतों ने नो पेमेंट-नो वर्क का नारा देते हुए कार्य बंद कराया।

### आनंदमार्ग ने राजहरा में लगाया मेडिकल कैंप



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज के राजहरा में आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से मेडिकल कैंप लगाया गया। इसका नेतृत्व संघ के लेस्लीगंज उपभुक्ति राजहरा इकाई आभा सेवा सदन ने किया। कैंप में अनुभवी डॉक्टरों ने 50 से अधिक मरीजों का निशुल्क इलाज कर उन्हें निशुल्क दवाइयां दी। डॉ विनीत ने बताया कि आनंदमार्ग ने कैंप लगाया। यह कैंप हर रविवार प्रातः 9 से 1 बजे तक लगाया जायेगा। जिस क्षेत्र में कैंप लगेगा, उससे पूर्व ही इसकी जानकारी दे दी जायेगी ताकि मरीज इलाज निःशुल्क करा सकें। कैंप के सहयोग में वार्ड सदस्य पन्नालाल, दिवाकर, दिनेश, राजमणि यादव, नरोत्तम यादव, रामस्वरूप व अन्य आनंद मार्गी थे।

### दलित कांग्रेस अध्यक्ष ने किया सदस्यों को सम्मानित



**पाटन पलामू।** दलित कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पासवान द्वारा छतरपुर पाटन विस क्षेत्र के पाटन प्रखंड के विभिन्न मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों को पगड़ी पोशी कर सम्मानित किया गया। श्री पासवान ने लोगों से आपसी भाईचारे व शांति से मुहर्रम पर्व मनाने की अपील की। कहा कि मुहर्रम आपसी एकता, सदभाव व त्याग का पर्व है। मुहर्रम कमेटी एकजुट होकर पर्व मनाकर सौहार्द का उदाहरण पूरे जिले में पेश करे। उन्होंने मुहर्रम कमिटी को हरसंभव सहायता करने का भी भरोसा जताया। सम्मान कार्यकम में मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह, दलित कांग्रेस पलामू उपाध्यक्ष राधेश्याम पासवान, सदर एहसान अंसारी, कासिम अंसारी, यासूफी अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, इनामुल अंसारी, राकेश दुबे, संजय पासवान, लव सिंह थे।

## पूरे देश में शिक्षा व्यवस्था लचर है : धनंजय कुमार

■ मनातू में डिग्री कॉलेज की मांग को लेकर आइसा के छात्र कन्वेशन में पहुंचे जेएनएसयू अध्यक्ष धनंजय

खबर मन्त्र संवाददाता



**मनातू पलामू।** जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड मनातू के नौडीहा पंचायत भवन सेमरी में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) पलामू द्वारा मनातू प्रखंड में डिग्री कॉलेज को लेकर छात्र कन्वेशन का आयोजन किया गया। कन्वेशन के पूर्व मनातू पुरानी बाजार स्थित परमेश्वर पारखी और चैतू भुइयां के स्मारक पर मुख्य वक्ता जेएनयूएसयू अध्यक्ष धनंजय कुमार ने माल्यार्पण किया। कन्वेशन की अध्यक्षता आइसा राज्य उपाध्यक्ष रंजीत सिंह चेरो और संचालन जिलाध्यक्ष गुड्डू भुइयां ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेएनयूएसयू अध्यक्ष धनंजय कुमार ने कहा सरकार शिक्षा को भी निजी हाथो में देने की तैयारी कर रही है।

### कल होगी प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की बैठक कल

**पाटन पलामू।** पाटन सहायक अध्यापक संघ की बैठक सगुना मध्य विद्यालय में 16 जुलाई को आयोजित की गई है। इसकी जानकारी हरेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि प्रखंड के सभी सहायक अध्यापक एवं अध्यापिका बैठक में भाग लेंगे। बैठक के मुख्य अतिथि आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी भी उपस्थित रहेंगे। बैठक का मुख्य एजेंडा 20 जुलाई को अनिश्चितकालीन मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु रखी गई है।

## कर्बला पर की गयी चादरपोशी



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा।** मोहर्रम के सप्तमी तिथि को मुस्लिम समुदाय के दर्जनों गांव लोगों ने गाजे बाजे के साथ जूलूस के शक्ल में प्रखंड क्षेत्र के लोहरा पोखरी गांव स्थित कर्बला पर चादरपोशी किया तथा अमन-चैन और तरक्की की दुआ मांगी। इस दौरान सुबह से ही खासकर महिलाएं की भीड़ चादरपोशी के लिए देखी गयी। इस दौरान सतबरवा, ताबर तथा करमा गांव समेत कई गांव के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने या अली या हुसैन के नारों के साथ कर्बला में चादरपोशी किया। सतबरवा में चादर के साथ जुलूस बड़ी मस्जिद से निकलकर रांची रोड होते हुए कर्बला पहुंची जहां चादरपोशी क गयी।

### गांव के दबंगों ने गरीब ब्राह्मण की जमीन किया कब्जा, न्याय के लिए भटक रहा पीड़ित शिशुपाल

**विश्रामपुर पलामू।** प्रखंड के जिंजरा गांव के एक गरीब ब्राह्मण परिवार का जमीन तोलरा गांव के रामकृपाल तिवारी ने जबरन कब्जा कर लिया। दो दिन पूर्व ट्रैक्टर लगाकर लगभग दो एकड़ जमीन की जुताई कर फसल की बुआई कर दी। इसकी जानकारी मिलते ही जमीन मालिक गरीब ब्राह्मण शिशुपाल मिश्रा दौड़े गांव पहुंचे। जहां खेत में जुताई देख गांव के लोगों को बताया। लेकिन कोई रामकृपाल के डर से आगे बढ़कर सहयोग नहीं करना चाहा। ऐसे में न्याय के लिए पीड़ित शिशु पाल भटक रहा है। शिशु पाल ने बताया कि बचपन से पूरा परिवार गढ़वा के रंका प्रखंड के किसी गांव में रहते हैं।

# पथ निर्माण कार्य के लिए जिला के पदाधिकारी से करेंगे आग्रह : अजीत दुबे

■ जन कल्याण ट्रस्ट ने ग्रामीणों के बीच किया मच्छरदानी का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता




जरूरतमंदों को मच्छरदानी देते जन कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष व अन्य।

**चैनपुर पलामू।** जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में चैनपुर प्रखंड के पंचायत चांदो अंतर्गत ग्राम सोहरा में ग्रामीणों के बीच मच्छरदानी बांटी गयी। वितरण समारोह में जनकल्याण ट्रस्ट के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत दुबे, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे, संगठन सचिव नंदलाल दुबे, वरिष्ठ सदस्य संतोष दुबे, ट्रस्ट के संरक्षक रामदेव यादव उपस्थित थे। मौके पर जन कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे ने कहा कि जन कल्याण ट्रस्ट सामाजिक कार्यों के लिए पलामू जिले में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से गरीब लोग मलेरिया के शिकार हो जाते हैं। उन्हें ईलाज कराने के लिए पैसे भी नहीं होते हैं। कहा कि मच्छरदानी मिलने से ग्रामीणों को मलेरिया जैसे गंभीर रोगों से निजात मिलेगा। उन्होंने लोगों से मच्छरदानी लगाकर सोने की बात कही। कहा कि ट्रस्ट द्वारा आगे भी चयनित गांवों में मच्छरदानी का वितरण किया जायेगा। इधर मच्छरदानी मिलने पर ग्रामीणों ने ट्रस्ट के पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई दी है। ट्रस्ट के अध्यक्ष ने कहा कि सुदूरवर्ती गांवों में आज भी बेहतर पथ का अभाव है। कहा कि सोकरा गांव में जाने के लिए रास्ता व समुचित व्यवस्था नहीं है। इसे लेकर जिला के वरीय पदाधिकारी से मिलकर पथ निर्माण का आग्रह करेंगे।

## जिप सदस्य ने ऑक्सफोर्ड एजुकेशन कोचिंग का किया उद्घाटन

# आज के समय में प्रतियोगी शिक्षा अति आवश्यक है : राजू मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता




उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित करते जिप सदस्य।

**हुसैनाबाद पलामू।** जपला छतरपुर मुख्य सड़क रामविघा के समीप खेल मैदान के पास ऑक्सफोर्ड एजुकेशन कॉम्पेटिव क्लास खोला गया जिसका उदघाटन हुसैनाबाद उत्तरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य राजू मेहता,एवं देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार समेत कई लोगो संयुक्त रूप से फीता काट कर उदघाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शशिकांत मेहता ने की और संचालन शिक्षक अजय कुमार ने किया। जिप सदस्य राजू मेहता ने कहा कि आज के दौर में बुनियादी शिक्षा के साथ साथ कंपेटेटिव शिक्षा बहुत आवश्यक है जिससे बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना जगे और उसे अपने लक्ष्य पाने में मदद मिल सके। वहीं ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बच्चों के मन की जिज्ञासा को पढ़ा और उन के अंदर की छिपी हुई डर को निकालनेपर बल दिय। साथ ही कम संसाधन में बेहतर शिक्षा व आपस मे ग्रुप डिस्करशन करने का नसीहत दिया। संस्था के डायरेक्टर रविराज मेहता व शशि मेहता ने बताया कि पूर्व से हम लोगों ने क्लास 8 से 12वीं तक के विद्यार्थियों को शिक्षा दे रहे थे लेकिन आज के दौर के अनुसार जपला में बेहतर शिक्षा हेतु कंपेटेटिव शिक्षा को बढ़ाने के लिए यहां अनुभवी व स्मार्ट तरीके से विद्यार्थियों को शिक्षा देने की व्यवस्था की गयी है।

स्पीड न्यूज

## 40 बार से ज्यादा ब्लड डोनेट करने वाले दो पत्रकार सम्मानित



**साहिबगंज।** उमा अमृता फाउंडेशन ने चालीस बार से ज्यादा ब्लड डोनेट करने वाले दो पत्रकार अमित सिंह 52 बारए गोपाल श्रीवास्तव 49 बार को मेडलए मोमेंटो व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रेम कुमारए राजीव ओझाए सौरव जायसवालए प्रशांत शेखरए मृणाल आनंदए कॉस्टिव किशोरए अनिमेष गुप्ताए प्रमोद झाए पंकज रजकए विक्रम झाए विक्रम जायसवालए कुमार रौशनए संतोष मोदीए सियाराम यादवए मुरलीधर तिवारीए सत्यम सिंहए किशोर सिंह राजपूतए विकास कुमारए रोशन कुमारए विवेकानंदए ऋषि शर्माए ऋषि कुमारए रंजन कुमारए अभिषेक कुमारए बंटी कुमारए विकास कुमार पासवानए अमित सिंहए गोपालए ज्योति शर्मा सहित अन्य थे।

## अत्याधुनिक उपकरणों से लैस हुआ बीजीएच नेत्र चिकित्सा विभाग



**बोकारो।** बोकारो जनरल अस्पताल के सीएमओ डॉ बीबी करुणामय ने नेत्र चिकित्सा विभाग में तीन नए अत्याधुनिक उपकरणों का उद्घाटन किया। उद्घाटन के मौके पर अस्पताल के वरीय चिकित्सक तथा चिकित्साकर्मी उपस्थित थे। नए उपकरणों की श्रृंखला में पहला उपकरण नवीनतम विजुअल फील्ड एनालाइजर है जो ग्लूकोमा और न्यूरोफथाल्मोजिक विकार के निदान और प्रबंधन के लिए एक आवश्यक उपकरण है और नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में काफी उपयोगी माना जाता है। इसके अलावा दूसरा नया उपकरण स्लिट लैंप है जो कि एक त्रिविम बायोमाइक्रोस्कोप है जो विभिन्न ऊंचाई चौड़ाई और कोण के साथ प्रकाश की एक केंद्रित किरण उत्सर्जित करता है। यह अनूठा उपकरण आंख के बारीक संरचना के त्रि आयामी दृश्य और माप की जानकारी देता है। तीसरा उपकरण पोर्टेबल रेटिनल कैमरा है जो पुतली को फैलाने की आवश्यकता के बिना तीन 03 सेकंड में रेटिना की तस्वीरें ले सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस यह डायबिटिक रेटिनोपैथी ग्लूकोमा और उम्र से संबंधित धब्बेदार अधरू पतन जैसी बीमारियों के लिए रिपोर्ट तैयार करता है। सेल संचालित अस्पतालों में पहली बार नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में इस प्रकार के आधुनिकतम उपकरणों का उपयोग बोकारो जनरल अस्पताल के नेत्र चिकित्सा विभाग में प्रारम्भ किया गया है।

## करंट लगने से चार बैल मरे, मुआवजे की मांग

**बेरमो/खेतको।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत मायापुर पंचायत के मुनगा बखरी गांव निवासी जेठु मांझी की बैल शुक्रवार को बिजली करंट के चपेट में आने से मौत हो गईण जेठू मांझी ने बताया कि उसका बैल ट्रांसफार्मर के निकट जैसे ही पहुंचा कि वह करंट के चपेट में आ गयाण ट्रांसफार्मर के बगल में आंगनबाड़ी केंद्र भी हैण संयोग है कि उस समय केंद्र बंद हो गई थीण बच्चे घर जा चुके थे अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता थाण जेठू ने कहा कि अभी खेती का दिन हैण ऐसे समय में बैल का नहीं होना एक किसान के लिए बड़ी मुसीबत है। सरकार तत्काल मुआवजा दे ताकि तुरंत बैल की खरीद कर खेती किया जा सके। उन्होंने घटना की सूचना पंचायत समिति सदस्य अंजली देवी और समाज सेवी मनीष टुडूए पेटरवार थाना और पशु चिकित्सक को दी है।

# साइबर धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग प्रक्रिया का दिया गया प्रशिक्षण

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने दिया प्रशिक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहेबगंज।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार ;झालसाद्ध के निदेर्शानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ह्सह. अध्यक्षए जिला विधिक सेवा प्राधिकारए साहेबगंज श्री अखिल कुमार के मार्गदर्शन में आज व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित लोक अदालत कक्ष में श साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग की प्रक्रिया पर प्रशिक्षण सह जागरूकता श का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लीगल एड डिफेन्स कौंसिलए पैनल अधिवक्ता और पारा विधिक स्वयं सेवक ;पीएलभीद्ध उपस्थित थे द्य

प्रशिक्षक सुमित कुमार में बताया गया की जब किसी भी व्यक्ति के साथ आनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी होती है तो वह हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत शिकायत करके उन रुपयों को फ्रीज करवा सकता है और कुछ औपचारिकताएं पूरी करने के उपरांत अपने रुपयों को वापस पा सकता है द्य उन्होंने आगे बताया की सबसे पहले साइबर वित्तीय अपराध होने की स्थिति में शिकायतकर्ता को हेल्पलाइन नंबर 1930 पर काल करनी होगी। यह फोन काल नियुक्त किये गये एक पुलिस अधिकारी द्वारा रिसीव की जाएगी और वह अधिकारी शिकायतकर्ता से लेनदेन से संबंधित कुछ जरूरी विवरण मांगेगा। इसके बाद एक टोकन नंबर जनरेट होगा और अपराधी के बैंक खातेए पेमेंट वालेट या मरचेंट का पता लगाने व निकाली गई राशि को रोकने के लिए एक डिजिटल अलर्ट भेजा जाएगा।जैसे ही डिजिटल अलर्ट बजता हैए सिस्टम द्वारा धोखाधड़ी वाले धन के प्रवाह को रोक या फ्रीज कर दिया जाता है और प्लेटफार्म पर वापस रिपोर्ट की जाती है। यदि पैसा किसी अन्य वित्तीय मध्यस्थ को स्थानांतरित कर दिया गया है तो भी उस पैसे को फ्रीज करने के लिए एक अलर्ट भेजा जाता है। यह प्रक्रिया तब तक दोहराई जाती रहती है जब तक कि राशि को या तो अस्थायी रोक पर रखा जाता हैए वापस लिया जाता है या आनलाइन खर्च किया जाता है। शिकायतकर्ता को इस शिकायत की सूचना एक एसएमएस मेल के माध्यम से प्राप्त होती है। जिसमें लाग इन आइडी शिकायत का संदर्भ नंबर होता है और एक लिंक प्राप्त होता है। दिए गए लिंक लाग इन आइडी ध् शिकायत संदर्भ नंबर का प्रयोग करते हुए हेल्पलाइन नंबर पर काल करने के 24 घंटे के अंदर शिकायतकर्ता को राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर औपचारिक व विस्तृत विवरण ;मोबाइल नम्बरए बैंक वालेट मरचेंट का नाम व नंबरए जिसमें से अमाउंट गई हैए ट्रांजेक्शन आइडी व तारीखए अगर धोखाधड़ी किसी कार्ड के माध्यम से हुई हो तो उस डेबिट या क्रेडिट कार्ड नंबर और इस धोखाधड़ी के लेनदेन के संबंध में कोई स्क्रीनशाट अगर उपलब्ध हैं सहित एक शिकायत दर्ज करानी अति आवश्यक है। उपरोक्त शिकायत दर्ज करने के बाद खाते से निकाले गए रुपयों को वापस लाने व उस पैसे को पीड़ित के खाते में वापस करवाने के लिए पुलिस की कार्रवाई शुरू हो जाती है। यदि हेल्पलाइन नंबर पर काल करने के 24 घंटे के भीतर शिकायतकर्ता को सम्बंधित साइबर थाना ध् थाना शिकायत की जानी जरुरी है।

### साइबर अपराध गैर कानूनी कृत्य

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव बिश्वनाथ भगत ने बताया की साइबर अपराध गैर कानूनी कृत्य है। उन्होंने बताया की साइबर अपराधी स्कूली बच्चों व महिलाओं के अलावा लोगों को धमकाने के साथ ही उनकी अश्लील फोटो अपलोड करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने की घटनाओं में तेजी के साथ वृद्धि होने लगी है। लोकलाज के भय से युवतियां और लोग साइबर फ्राड के चंगुल में फंसकर शोषण का शिकार हो रहे हैं। बढ़ते साइबर क्राइम को रोकने व साइबर क्राइम से पीड़ित व्यक्तियों को समय पर किस प्रकार विधिक सहायता व सलाह दी की जा सकती है।

## मोतिया ओपी में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**गोड्डा।** मोतिया ओ पी परिसर में रविवार को आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें पुलिस निरीक्षक सदर प्रभाग मधुसूदन मोदकए मोतिया थाना प्रभारी महावीर पंडित सहित कई समाजसेवी एवं समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए। इस बैठक में मोहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्डपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक एवं थाना प्रभारी महावीर पंडित के द्वारा मुहर्रम आयोजक कताओं से मुहर्रम जुलूस को निर्धारित रुट एवं निर्धारित समय से ही निकालने व समापन करने का निर्देश दिया गया। लाइसेंसधारियों को अपनी लाइसेंस नवीकरण तथा लाइसेंस में दिए गए निदेर्शों का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया।

# मुआवजे की मांग पर रैयतों ने किया रोड जाम

खबर मन्त्र संवाददाता



**राजमहल।** रविवार को राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत एन एच 80 सड़क निर्माण कार्य को जमीन रैयतो के द्वारा घंटों तक बाधित किया गया। सड़क निर्माण कार्य बाधित होने पर मजिस्ट्रेट अंचलाधिकारी राजमहल अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरोवर एवं महिला थाना प्रभारी राजमहल पूजा कुमारी सहित महिला दलबल के साथ कार्य स्थल पर घंटा बाधित कार्य को रैयतों को समझा बुझाकर सुलझाया गया और कार्य को पुनः सुचारु रूप से चालू किया गया। वहीं रैयतो के द्वारा बताया गया कि मोहनपुर मौज खाता नंबर 35एप्लांट नम्बर 63 कुल रकवा;10.11.15द्ध एदस बीघाए ग्यारह कट्टाए पंद्रह धूर जमीन है जिसमें ;04.16.16 द्धचार बीघाए सोलह कट्टाएसोलह धूर जमीन रैयत ऐतवा उरावए कैला उरांवएबूचना उरांव सहित 9 रैयत का जमीन अधिग्रहण किया गया है। जिसका मुआवजा राशि लगभग 2 वर्ष से आश्वासन पर आश्वासन विभाग के द्वारा मिल रहा है। परंतु मुआवजा नहीं मिलने से मजबूर होकर सड़क निर्माण कार्य को बाधित किया गया। मजिस्ट्रेट श्री सिन्हा के द्वारा बताया गया कि भू अर्जन कार्यालय के द्वारा उक्त जमीन को सरकारी जमीन बताते हुए मुआवजा देने से इनकार किया गया। वहीं रैयतों के द्वारा उक्त जमीन को खरिदा गया है। जिसका खारिज दाखिल करते हुए सरकार को भू लगान भी जमा दिया गया है। दावा करने वाले रैयत उच्च न्यायालय के लिए स्वतंत्र हैं। इस मौके पर एसीआई अरविंद दासएराजस्व कर्मचारी ऋषितोष झाएपुलिस बल एवं महिला पुलिस बलए एन एच 80 के मैनेजर टेक्निकल अनुराग गुप्ताए सलाहकार मनोज कुमारए साइड इंजीनियर आशुतोष कुमारए अमित गिरीए अरविंद उपाध्यायए प्रोजेक्ट मैनेजर राजीव रंजन सहित रयैत उपस्थित थे।

## सीसीएल सीएमडी ने छात्रों को दिये स्कूल बैग

### बच्चों के बीच खेल सामग्री का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्र में सीएसआर कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं जिससे समाज और पर्यावरण को लाभ पहुंचे। इसी कड़ी मेंए आज दिनांक 14 जुलाई 2024 को केंद्रीय कोलफील्ड्स लिमिटेड के माननीय सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान कथारा उच्च विद्यालयए कथारा के छात्रों को स्कूल बैग और खेल सामग्री वितरित किया। वितरित किए गए स्कूल बैग में प्रेरणादायक किताबें और गोदानए कर्मभूमिए पंचतंत्र जैसी साहित्यिक पुस्तकों के ए साथ नोटबुक और स्टेशनरी आइटम शामिल थे। इसके अलावा कथारा उच्च विद्यालयए कथारा को 4 कैरम बोर्डए 5 शतरंज बोर्डए 5 फुटबॉल और 2 फुटबॉल नेट सेट 5 वॉलीबॉल और 2 वॉलीबॉल नेट सेट 20 स्किपिंग रोप्स इत्यादि वितरित किए गए। छात्रों को पर्यावरण और जल वायु स्थिरता के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए ष्सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करेंष् संदेश के साथ जूट बैग भी वितरित किए गए। इस अवसर पर कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री संजय कुमारए प्रोजेक्ट ऑफिसर कथारा कोलियरी दुर्गेश कुमार सिन्हाए प्रोजेक्ट ऑफिसर जरंगदीह कोलियरी पमानंद गुइनए प्रोजेक्ट ऑफिसर गोविंदपुर फेज दो एके तिवारीए स्टाफ ऑफिसर ;सेफ्टीद्ध सीण्बीण तिवारीए स्टाफ ऑफिसर ;माइनिंगद्ध बिनोद कुमारए स्टाफ ऑफिसर अर्जुन प्रसाद स्टाफ ऑफिसर ;डडद्ध एमण्एमण नाथए स्टाफ ऑफिसर चंदन कुमार और कथारा क्षेत्र के अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

## उमा अमृता फाउंडेशन ने 140 रक्तवीरों को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** युवा वर्ग व स्वास्थ्य व्यक्ति आगे आकर करे रक्तदान उक्त बातें पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कही। शहर के अमख पंचायत भवन बड़ी धर्मशाला में उमा अमृता फाउंडेशन ने रक्तदाता सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमे मुख्य अतिथि एसपी कुमार गौरवए विशिष्ट अतिथि जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल गुप्ताए डेंटिस्ट डा दीपकए राजमहल मॉडल डिग्री कॉलेज प्राचार्य डॉ रंजीत सिंह सहित अन्य ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित करके किया। वही अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वही एसपी ने कहा कि आपका रक्तदान करने से किसी जरूरतमंद की जान समय रहते बचाई जा सकती है। जिला में आए दिन गर्भवती महिलाएंए थैलेसिमिया से ग्रसित बच्चेए घायल लोग व ब्लड की कमी से जूझ रहे मरीजए डायलिसिस मरीजों को रक्त की आवश्यकता पड़ती है। रक्त ही एक ऐसा चीज है जिसे बाजार से नही खरीदा जा सकता है। जिला के सभी युवा वर्गए स्वास्थ्य व्यक्ति साल में कम से कम दो बार अपना रक्तदान अवश्य करे और निरोग रहे। रक्तदान करने से मनुष्य के अंदर सैकड़ो तरह की बीमारी नहीं होती है। सभी रक्तवीर को बधाई। वही जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने कहा कि रक्तदान करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य होता है। उमा अमृता फाउंडेशन का कार्य सराहनीय हैं। मॉडल डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डा रंजीत सिंह ने कहा की अमृता फाउंडेशन आज युवाओं के लिए प्रेरणा साबित हो रहा है अमृता फाउंडेशन उत्कृष्ठ कार्य कर रहे हैं।

# डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने सीखे योग के गुर

### 125 विद्यार्थियों ने सीखे योग के गुर

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** बोकारो जिला योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन की ओर से डीपीएस बोकारो में आयोजित योगासन संबंधी दो.दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण के समापन की अवधि में डीपीएस बोकारो सहित शहर के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 125 छात्र छात्राओं को योगासन से संबंधित तकनीकी गुर सिखाए गए। कार्यक्रम में बतौर रिसोर्स पर्सन झारखंड योग रत्न से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक विकास गोप एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षक शंकर राणा ने प्रतिभागी बच्चों को योगासनों से संबंधित सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक पहलुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने अभ्यागत रिसोर्स पर्सन्स के साथ संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर संगठन के उपाध्यक्ष एवं डीपीएस बोकारो के वरीय उप प्राचार्य अंजनी भूषण जिला सचिव एवं डीपीएस बोकारो के क्रीड़ा शिक्षक ब्रजेश कुमार सिंह संयुक्त सचिव एवं डीपीएस बोकारो की खेल शिक्षिका निभा कुमारी तथा कोषाध्यक्ष सह डीपीएस बोकारो के प्रशासक राजन सिंह के अलावा विभिन्न विद्यालयों के क्रीडा शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। डॉ गंगवार ने सभी प्रतिभागी बच्चों एवं शिक्षकों का स्वागत करते हुए योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग शरीर मन एवं आत्मा को एक.दूसरे से जोड़ने की भारत की सनातन व प्राचीन विद्या है। प्रशिक्षण के समापन पर उन्होंने विद्यालयवार प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र दिया वहीं रिसोर्स पर्सन को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। रिसोर्स पर्सन विकास गोप ने बताया कि अब शिक्षा नीति में भी योगासनों को शामिल गया है।

एक नजर में

## गैप मामलों हेतु ऑनलाइन मेडिक्लेम मॉड्यूल का उद्घाटन



**बोकारो।** बीएसएल के वैसे कर्मचारी जिन्होंने सेवानिवृत्ति के बाद मेडिक्लेम नहीं लिया है या पिछले वर्षों के दौरान उनकी मेडिक्लेम सदस्यता के नवीनीकरण में कोई अंतर है उनके लिए ऑनलाइन मेडिक्लेम मॉड्यूल का उद्घाटन ईडी एफ एंड ए सुरेश रँगानी ईडी मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य राजन प्रसाद तथा ईडी माइंस जॉयदीप दासगुप्ता के द्वारा किया गया सीजीएम हरिमोहन झा व सुजय कुमार जीएम शरद कुमार सिंह की उपस्थिति में किया गया। बीएसएल के सी एंड आईटी वित्त एवं लेखा तथा अंतिम निपटारा विभाग के टीम के सदस्यों के संयुक्त प्रयास से गैप मामलों के लिए एक ऑनलाइन मेडिक्लेम मॉड्यूल बनाया गया है।पूर्व कर्मचारियों को मेडिक्लेम के लिए पोर्टल. सहयोग डॉट बोकारोस्टील डॉट इन पर जाकर अपना फॉर्म भरना होगा। फॉर्म जमा होने के 48 घंटे में डिमांड नोट जेनरेट हो जाएगा तथा स्वीकार्य प्रीमियम राशि का भुगतान ऑनलाइन करना होगा। बीएसएल का सी एंड आईटी और वित्त विभाग पूर्व कर्मचारियों को उनके मेडिक्लेम नवीनीकरण फॉर्म आसानी से भरने में मदद करेगा।

## कुमार अमित ने किया कालिंदी समाज द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन




**बोकारो।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने कालिन्दी समाज द्वारा सेक्टर 1 स्कूल मैदान में आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन किया। इस टुनार्मेंट का उद्घाटन अमित ने फूटवॉल पर कीक मार कर एवं खिलाड़ियों से परिचय लेकर किया। इस दौरान कुमार अमित ने आयोजकों खिलाड़ियों और दर्शकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि दलित समाज में खेल के क्षेत्र मे भी बहुत प्रतिभा है। ऐसे आयोजन से समाज मे छिपे प्रतिभा को भी अपना प्रदर्शन करने का मौका मिलता है। दलित समाज हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है पर रफ्तार बहुत धीमी है। अमित ने कहा कि इस समाज में कुछ लोग बहकावे में आकर धर्मांतरण भी कर रहे हैं जो की समाज के लिए चिंता का विषय है। टूनार्मेंट में कुल 16 टीम हिस्सा ले रही है जिसमें बोकारो के अलावे बंगाल की टीम भी शामिल है। प्रथम दिन आठ मैच खेला गया जिसमें आठ टीम टूनार्मेंट से बाहर हो गया। इस दौरान आयोजक कृष्णा कालिन्दी अमर कालिन्दी जीतेन्द्र कालिन्दी सुरज कालिन्दी लालबाबू छोटू सजल रजवार दीपू सिंह नारू संजय कालिन्दी कुंदन कालिन्दी रणजीत कालिन्दी अजीत कालिन्दी आदि के अलावे बड़ी संख्या मे खिलाड़ी और दर्शक मौजूद थे।

## जारंगडीह खुली खदान का सीसीएल सीएमडी ने किया दौरा, दिये दिशा-निर्देश



**बेरमो/जारंगडीह।** सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह परियोजना में रविवार को सीसीएल सीएमडी नीलेंदू कुमार सिंह ने दौरा किया तथा जारंगडीह खुले खदान के निरीक्षण के साथ साथ आउटसोर्सिंग पैच का बारिकी से मुआयना किया। सीएमडी दौरे के दौरान कथारा जीएम के अलावे जारंगडीह पीओए मैनेजरए सर्वे अधिकारियों के अलावे कोलियरी के अनेको अधिकारी शामिल थे। इस मौके पर जारंगडीह परियोजना मे कार्यरत कामगारों ने सीएमडी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। निरीक्षण उपरांत सीएमडी जारंगडीह परियोजना के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर जानकारियां ली और खास कर जारंगडीह टाटा ब्लॉक के विस्थापन के संबंध में जानकारी लेने के बाद अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को कहा उत्पादन लक्ष्य को हर हाल पुरा करना है मगर सुरक्षा का खास ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा कि जितना जल्दी हो विस्थापन कार्य को जल्द से जल्द पूरा करे ताकि उत्पादन की बाधा दुर हो सके। इस मौके पर युनियन प्रतिनिधिगण भी उपस्थित नजर आये।

## बोकारो चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की चुनावी प्रक्रिया स्थगित

**बोकारो।** कुछ प्रत्याशियों की नाम वापसी और सभी सदस्यों के निर्विरोध निर्वाचन के कारण 21 जुलाई को प्रस्तावित बोकारो चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज का चुनाव स्थगित कर दिया गया है। मुख्य चुनाव पदाधिकारी प्रो आरडी उपाध्याय चुनाव पदाधिकारी अंजनी कुमार रूपक एवं अरुण कुमार सिंह ने बताया कि चास अनुमंडल अंतर्गत मेसर्स पॉपुलर इन्टरप्राईजेज के संजय कुमार अग्रवाल और पी पुरिया आयरन एण्ड स्टील कम्पनी प्रा लि के प्रदीप कुमार अग्रवाल ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया है जिसे चुनाव पदाधिकारियों ने स्वीकृति प्रदान की। इस प्रकार चास अनुमंडल में अब दस पद की जगह दस ही प्रत्याशी बच गए। ऐसी परिस्थिति में दसों प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया।

## जारंगडीह आउटसोर्सिंग कंपनी के काम को विस्थापित बेरोजगारों ने रोका

**बेरमो/जारंगडीह।** रविवार को सीसीएल कथारा क्षेत्र के जारंगडीह परियोजना में आउटसोर्सिंग कंपनी में रोजगार की मांग को लेकर स्थानीय बेरोजगारों और विस्थापितों ने प्रथम पाली में लगभग दो घंटो तक काम रोक कर धरने पर बैठ गया पर जारंगडीह कोलियरी मैनेजर ने दो दिनों का समय लिया और लोगो को विश्वास दिलाया कि स्थानीय लोगो को आउटसोर्सिंग कंपनी काम पर अवश्य रखेगी। इसके बाद ही आंदोलनकारी वहां से हटे और कार्य पुनरू चालू हो सका। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जारंगडीह परियोजना मे वर्तमान समय मे कृष्णा इंफ्रास्ट्रक्चर नामक कंपनी ओबी हटाने का कार्य कर रही है मगर मशीनों के साथ साथ कंपनी ने बाहर से ही आपरेटर और कामगार भी ले आये और स्थानीय लोगो को काम देने से साफ मना कर रही है इसी बात को लेकर आज खेतकोए असनापानीए बोडिया बस्तीए जारंगडीह बोकारो थर्मल के दर्जनों बेरोजगार व विस्थापित अपने विरोध दर्ज किया।

## स्पीड न्यूज

### चलते ट्रैक्टर से गिरकर चालक की मौत

**सिसई।** सिसई प्रखंड के थाना रोड में रविवार को हुए सड़क दुघर्टना में ट्रैक्टर चालक लकाय गांव निवासी गोपी गोप की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के दौरान ट्रैक्टर के चपेट में आने से मोटरसाईकल सवार भी घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर चालक थाना रोड में एक ठेला को धक्का मार कर तेजी से भाग रहा था। इसी बीच वाहन से चालक अचानक गिर गया। जिसे चालक के सर में काफी गहरा चोट लगा और घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पर सिसई पुलिस घटनस्थल पहुंच कर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। वहीं ट्रैक्टर को थाना में जब्त कर लिया गया। वहीं टैक्टर के चपेट में आने से स्कुटी सवार एक युवक घायल हो गया।

### मोहर्रम पर्व को लेकर रायडीह थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**रायडीह।** रायडीह थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस निरक्षक महेंद्र करमाली की अध्यक्षता में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की हुई। जिसमें प्रखंड क्षेत्र में होने वाले मोहर्रम जुलूस शांति पूर्ण निकालने और शांति पर्व पूर्ण मानने का निर्णय लिया गया। शांति समिति में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर ही अधिकतर चर्चा हुई। लेकिन स्वास्थ्य कर्मचारी शांति समिति की बैठक में उपस्थित नहीं थे। शांति समिति के सदस्य के द्वारा शांति समिति के माध्यम से मोहर्रम मेला डांड में चिकित्सा व्यवस्था करने की मांग की गई और महिलाओं को शौच के लिए दिक्कत न हो इसलिए चलित शौचालय की मांग की गई। बैंको में हो रही दिक्कत के बारे में शांति समिति के सदस्यों ने अनुमंडल पुलिस निरक्षक को अवगत कराया। बैंको में किस तरह लोगो को केवाईसी करवाने में दिक्कत हो रही लोग दूर दूर से आकर बैंक में केवाईसी फॉर्म जमा कर रहे हैं और चार पांच महीनों तक केवाईसी नहीं हो रहा हैं। बैठक में बैंक के कर्मचारी मौजूद नही थे इसलिए अनुमंडल पुलिस निरक्षक को बैंक के कर्मचारी से बात कर इस मामले को सुधार करने का आग्रह किया। बैठक में अंचल निरीक्षक खीस्थोफर कीड़ों ,जमाल ताज,कमलेश झा, कुर्बान राय, मांगू उरांव, मंगल लोहरा, पप्पू कुमार सिंह, असगर अली, हाफिज जी, नजीर खान असरफ राय आदि उपस्थित थे।

### झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक घाघरा में संपन्न

**घाघरा।** घाघरा हाई स्कूल के समीप झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एससी एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शलींद्र उरांव ने की। बैठक में घाघरा प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसमें प्रखंड अध्यक्ष संजय उरांव, प्रखंड सचिव योगेंद्र भगत, कोषाध्यक्ष रघुनंदन उरांव को बनाया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पार्टी के दक्षिणी छोटा नागपुर महामंत्री पंचम उरांव ने कहा कि प्रखंड कमेटी बूथ स्तर पर कमेटी का गठन करें। आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से लग जाए। पार्टी के नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाएं। वहीं नवचयनित अध्यक्ष संजय उरांव ने कहा कि मुझे जो जिम्मेवारी सौंपी गई है। मैं उसका इमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा। पार्टी को मजबूती दिलाने को लेकर गांव गांव में प्रचार प्रसार के माध्यम से पार्टी के नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करूंगा। शलिंद्र उरांव ने कहा कि आने वाले समय में विधानसभा चुनाव पास है। सभी अपने जिम्मेवारी को देखते हुए गांव गांव में जाकर प्रसार प्रसार कर पार्टी के बारे में बताएं। मौके पर उपस्थित लोगों में सजिंदर उरांव, संजय उरांव, मारवाड़ी बिरहोर, भुवनेश्वर गोपी,दयानंद महतो, विनोद उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### डालसा सदस्यों को साईडी ने दिया साइबर फ्रॉड के विषय में जानकारी

**गुमला।** नालसा एवं झालसा के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला श्री ध्रुव चंद्र मिश्र के मार्गदर्शन में रविवार को गुमला व्यवहार न्यायालय के लाइब्रेरी कच्छ में सीआईडी द्वारा डालसा के कर्मचारी, मेडिएटर व पीएलबी सदस्यों को साइबर फ्रॉड से संबंधित जानकारी दी गई । सीआईडी की ओर से इंस्पेक्टर महेंद्र कुमार करमाली एवं सब इंस्पेक्टर निखिल आनंद के द्वारा यह बताया गया कि अगर किसी व्यक्ति के खाते से किसी तरह का उसके बिना जानकारी के पैसे की निकासी होती है तो ऐसी स्थिति में पीड़ित व्यक्ति 1930 नंबर पर डायल कर उसकी सूचना देगा। इस घटना से संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज करवाएगा । जैसे ही कोई पीड़ित 1930 में कॉल कर अपना शिकायत दर्ज कराएगा। तुरंत ही साइबर सेल के लोग एक्टिव होकर तुरंत उस खाते का पता लगाएंगे। जिसमें पैसा कहां गया है तथा वह तुरंत उसे खाते को पता लगाकर फ्रिज करेंगे। उसके पश्चात यह मामला को न्यायालय में भेजा जाएगा। जहां न्यायालय में सुनवाई के बाद पैसा पीड़ित को पैसा रिलीज कर दिया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से अपील किया कि अपना ओटीपी किसी को शेयर नहीं करें। किसी अनजान व्यक्ति को अपने पिन कोड की जानकारी नहीं दें।

# दुनिया के पांचवीं अर्थव्यवस्था वाले देश में गांवों की हालत पाषाण युगी

## डुमरपानी गांव में न तो सड़क है, न बिजली, न चिकित्सा सुविधा और न ही शुद्ध पेयजल

**सहजेब अंसारी**

आजादी के 77 साल बाद भी नहीं पहुंचा जारी के डुमरपानी गांव में विकास की किरणें

डुमरपानी गांव आते-आते दम तोड़ देती है सरकार की योजनाएं, ऐसा गांव है जहां चुनाव के वक्त पड़ता है नेताओं के चरण पादुका, गांव में अब तक नहीं पहुंचे हैं प्रशासनिक पदाधिकारी

प्रधानमंत्री आवार्ड से सम्मानित जिले का यह है हाल, नहीं मिल सका सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का भी लाभ




डुमरपानी गांव के ग्रामीण व गांव जाने वाली सड़क की हालत

**जारी।** देश सुपरसोनिक गति से प्रगति के पथ पर अग्रसर है और विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गयी है। चंद्रमा पर भारतीय तिरंगा लहरा रहा है। लेकिन आज भी देश के कई गांवों की स्थिति बदहाल है। ऐसा ही एक गांव गुमला जिला के जारी प्रखंड का डुमरपानी गांव है। जहां सरकारी सुविधाओं का घोर अभाव है। इस गांव के लोग आज भी विकास की किरणों की बाट जो रहे हैं। डुमरपानी गांव में न तो सड़क, न बिजली, न स्वास्थ्य सुविधा सुविधा उपलब्ध है। हालात तो यह है कि गांव में एक आंगनबाड़ी केंद्र भी नहीं है। यह गांव आदिमजनजाति बहुल गांव है। इस गांव के लोग आजादी के 77 साल बाद भी पाषाण युग में जीवन यापन को विवश हैं। यह ऐसा गांव में जहां आज तक प्रशासनिक पदाधिकारियों के कदम भी नहीं पड़े हैं। जिसके कारण भी शायद गांव के लोगों की तकलीफ व जीवन शैली प्रशासन तक नहीं पहुंच पायी। जबकि गुमला जिला को देश में अच्छे कार्य के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। जबकि हकीकत कुछ और ही बयां करती नजर आ रही है। डुमरपानी गांव की तकदीर सुधारने की दिशा में क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। क्योंकि आजादी के इतने लंबे अंतराल में केवल नेता के चरण पादुका गांव के ग्रामीणों से वोट मांगने के लिए ही पड़े हैं। चुनाव खत्म होते ही नेता या जनप्रतिनिधि गांव की ओर कभी मुंडकर रूख भी नहीं करते हैं। जिसके कारण गांव के ग्रामीण अपने गांव के हालात की दर्द भी किसी से बयां नहीं कर पाते हैं। वहीं राज्य सरकार के द्वारा चलाये गये सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का भी लाभ इस गांव को नहीं मिला। वरना हालत गांव के कुछ और बयां करते। यहां बता दें की डुमरपानी गांव जाने के लिए एक बेहतर सड़क भी ग्रामीणों को नसीब नहीं है। उबड-खाबड़ कच्ची सड़क से किसी तरह गांव के लोग ढोडहा पार कर अपने घर आते जाते हैं। बरसात अधिक होने से गांव टापू में बदल जाता है। गांव तक चार पहिया वाहन नहीं जा सकता है। लोग सिर्फ पैदल ही आवागमन करते हैं। अगर किसी मरीज को इमरजेंसी में अस्पताल ले जाना हो तो बहंगी में ढोकर ले जाया जाता है। लोग पगडंडी के रास्ते का उपयोग करते हैं। पहाड़ों और जंगलों से घिरा इस गांव की आबादी भी काफी है। वहीं शिक्षा के नाम पर आंगनबाड़ी केंद्र भी नहीं है। एक सरकारी स्कूल है वह भी राम भरोसे चलता है। शिक्षक आते हैं तो कभी छुट्टी मनाते हैं। इस गांव में कोरबा जनजाति के लोग रहते हैं। गांव के राजेंद्र कोरबा, गोला कोरबा, साजिया कोरबा ने जानकारी देते हुए बताया कितने ही सरकार आए चली गई। प्रशासनिक स्तर पर कितनी योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए चलाई जा रही है। लेकिन हमारे गांव में आज तक सरकार की एक भी योजना नहीं पहुंच पाई है। पूरे देश में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना चलाया गया। गुमला के कई क्षेत्रों में विद्युतीकरण का कार्य हुआ। लेकिन डुमरपानी गांव तक आते-आते हर योजना दम तोड़ देती है। गांव के लोग भगवान भरोसे ही जीवन यापन कर रहे हैं। क्योंकि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल भी नसीब नहीं है।

## भाजपा का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का आयोजन, बोलें बिरंची नारायण

# कार्यकर्ता आधारित पार्टी है भाजपा

**खबर मंत्र संवाददाता**



विजयी संकल्प लेते भाजपाई

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा विधानसभा अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा कार्यक्रम नगर मंडल अंतर्गत सदर प्रखंड कार्यालय के समीप टाउन हॉल में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता और अतिथि बोकारो विधानसभा विधायक बिरंची नारायण, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, पूर्व मंत्री सधनु भगत, पूर्व विधायक रमेश उरांव, ओमप्रकाश सिंह, श्रीचंद प्रजापति उपस्थित थे। मौके पर बिरंची नारायण ने कहा कि हमारी पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है।हम बूथ के कार्यकताओं का अभिनंदन करके अपना सम्मान बढ़ाना चाहते हैं इसलिए मोदी की तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और यदि वह प्रधानमंत्री बने तो इन्हीं बूथों के कार्यकताओं के द्वारा प्रधानमंत्री बने हैं। यह कार्यक्रम के माध्यम से एक विजय संकल्प भी हमको लेना है। लोकसभा चुनाव में 52 विधानसभाओं पर हमारी जीत हुई है कि 2024 के आसानी से विधानसभा चुनाव में 52 से 53 सीटों पर जीत होगी और केवल जीत नहीं होगी बल्कि भारी मतों जीत होगी। झारखंड के पहाड़ों को लूट लिया और 440 बालू घाट में 20 का टेंडर कर शेष को कांग्रेस और जेएमएम गठबंधन के गुंडे लूट लिए और प्रशासन जनता को प्रशान कर रहे हैं। इस सरकार से मुक्ति पाना राज्य की जनता का एक उद्देश्य है राज्य की जनता को वर्तमान सरकार कर रही परेशान है इसलिए जनता बेताब है कि कैसे वह समय आए और हेमंत सरकार को उखाड़ कर बंगाल की खाड़ी में पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा की लोहरदगा को सरकार बारूद के ढेर पर लाकर खड़ा कर दिया है। आए दिन दंगा फसाद इस सरकार में होती रही है। जिस तरह से डेमोग्राफी यहां का बदल गया जिस तरह से आदिवासी से बहन बेटियों को बहला फुसलाकर उनके साथ शादी ब्याह करके अपना वह जनसंख्या बढ़ा रहे हैं। जमीनों को लूट रहे हैं। जिस तरह से वह आतंक मचा रहे हैं । आने वाले समय में स्थिति को विकट बनाने कि सोच है।1951 के सर्वे में जो आदिवासी जनसंख्या थी वह लगभग 50% और मुसलमान थे 3% लेकिन आज आदिवासी संख्या घटकर लगभग 26% हो गई और मुसलमान बढ़कर 15% हो गए। पूरे राज्य में संथाल साहिबगंज स्थिति के समान लोहरदगा जिले में आने वाला होगा वह समय दूर नहीं है। यह सरकार वैसे एनजीओ और फाउंडेशन को आगे कर रही है जिसका धर्मांतरण कराना एक मात्र लक्ष्य है। झारखंड में एक फिया फाउंडेशन है जिसे वन पट्टा के कार्य ,उसे चयनित करने ,निर्धारण करने का जिम्मा दिया है।और यह फाउंडेशन कोल्हान, संथाल में धर्मांतरण को बढ़ावा दिया है। उसे सरकार ने सभी जिले के उपायुक्त को बुलाकर कार्य देने की बात कही है।

समीर उरांव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता संगठन के साथ साथ समाज के सुख दुख का साथी है। वह अपनी सांस्कृतिक विरासत समाज के लिए सदैव संघर्ष करती रहती और आगे भी ऐसे ही जारी रहेगी।

कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि गुमराह की राजनीति लंबी नहीं होती और वह चुनाव के बाद वायदे खिलाफी कर गठबंधन के लोगों ने दिखा दिया है। आदिवासी समाज साधारण एवं सरल जरूर हैं परंतु धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं करते इस बार आने वाले समय में वैसे लोगों को उसी भाषा में जवाब समाज देगा। कार्यक्रम को पूर्व विधायक सधनु भगत ,पूर्व विधायक रमेश उरांव, ओमप्रकाश सिंह ,संजय चौधरी, कलावती देवी, धनंजय तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक राजमोहन राम ने की। कार्यक्रम में श्रीचंद प्रजापति, अजातशत्रु, बबीता सिंह, राजकिशोर महतो, राजमोहन राम, सामेला भगत, नवीन कुमार टिंकू ,नीरज कुमार नलिन, हर्षनाथ महतो, राजकुमार वर्मा, बालकृष्णा सिंह, अनिल उरांव, सरोज प्रजापति, भारती सिन्हा, जगनंदन पौराणिक, अजय पंकज, संगीता देवी सहित कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद, विवेक सोनी, लखन उरांव, भरत किसान, अमरेश भारती बूथ अध्यक्ष सहित मंडल ,व जिला के पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## खबर एक नजर में

### आर्मी में बहाली को लेकर मिशन वर्दी ने किया दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**गुमला।** पुग्गु मैदान गुमला में आर्मी में बहाली को लेकर मिशन वर्दी के नेतृत्व में दौड़ प्रतिस्पर्द्धा का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें 120 बच्चे 1600 मीटर की दौड़ में सम्मिलित हुए। सभी बच्चे खेल शिक्षक मनोज साहू के निर्देशन में बहाली के नियम अनुसार 400 मीटर के घेरे को 5 मिनट में चार चक्कर पूर्ण करने के लक्ष्य को लेकर दौड़े। जिसमें प्रथम 15 प्रतियोगी रामविलास पासवान, बलदेव उरांव, सत्येंद्र उरांव, अजीत तिर्की, कार्तिक उरांव, प्रेमचंद लकड़ा,रामू उरांव, रवि खड़िया, विष्णु उरांव, सुशील उरांव, आनंद उरांव, शशि उरांव, नरेश राय, सुबोध उरांव, अनामिका उरांव ने निर्धारित समय पर लक्ष्य दौड़कर पूरा किया। लक्ष्य पूरा करने वाले 15 बच्चे को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले बच्चों को मनीष साहू, संतोष झा और देवेंद्र लाल उरांव के हाथों मेडल एवं 1500, 1000 और 500 रुपए की राशि प्रदान की गई। अतिथियों ने प्रतिभागियों को दौड़ के गुण सिखाते हुए सभी बच्चों को लक्ष्य के प्रति सजग रहने निरंतर प्रयास करने और संकल्पित होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शेखर लकड़ा, नेल्सन भगत, मनीष साहू, संतोष झा, उपेंद्र टोप्पो, राम अवतार भगत, देवेंद्र लाल उरांव आदि उपस्थित थे।

### डुमरी पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**डुमरी।** डुमरी पुलिस ने कांड संख्या 15/2024 के प्राथमिक अभियुक्त थाना क्षेत्र के करनी पंचायत निवासी रिचर्ड एक्का उम्र 35 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार रिचर्ड एक्का की पत्नी रिचर्ड एक्का को छोड़कर दूसरे के साथ चली गई थी। जब वाह वापस आई तो उसके पति द्वारा उसको सजा देने हेतु पत्नी की बाल काटकर स्त्री लज्जा किया और उसे अपमानित किया। पत्नी द्वारा इसकी जानकारी डुमरी थाना को दी गई। डुमरी थाना द्वारा त्वरित करवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर थाना कांड के अभियुक्त रिचर्ड एक्का को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा दिया।

### हथियार के बल पर धमकी देने व लेवी की मांग करने वाले अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**डुमरी।** डुमरी पुलिस ने कांड संख्या 14/2021 के अप्राथमिक अभियुक्त अंबाकोना थाना गुरूदारी निवासी सचिन बेंग पिता बलियासुस बेंग के घर में इश्तिहार चिपका कर उसे सरेंडर करने की अपील की है। डुमरी थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त सचिन बेंग नोगाइं डेम मे कार्य कर रहे मुंशी से हर्वे हथियार से लेस होकर धमकी देने व लेवी की मांग करने एवं कार्यस्थल पर तोड़फोड़ करने के आरोप में फरार चल रहा है। डुमरी पुलिस ने अभियुक्त के परिवार वालों को जल्द से जल्द उसे थाने में सरेंडर कराने की अपील की।

### करेंट लगाने से महिला घायल

**लोहरदगा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के ऐने घघरी टोली गांव में एक महिला बिजली करंट की चपेट में आने से गंभीर हो गई। इसके बाद महिला को परिजनों द्वारा इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। जहां पर महिला का इलाज किया गया है।

### मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम संपन्न कराने को लेकर भंडरा थाना परिसर में थानाध्यक्ष अरबिंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक क्षेत्र के राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों तथा दोनों समुदाय के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम का पर्व मनाये जाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस इंस्पेक्टर सच्चिदानंद साहू ने कहा कि यहां हर पर्व त्यौहार मिलजुलकर सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने की परंपरा रही है। हमें उस परंपरा को कायम रखना है। अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है। किसी तरह की अफवाह की जानकारी मिले तो तुरंत उसकी सूचना प्रशासन को दें।

### मुस्लिम स्वर्ण विकास समिति की बैठक, विस्तार पर की चर्चा

## शिक्षा से ही विकास संभव : शमशुल खान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कुडू।** कुडु प्रखण्ड के लापुर में शनिवार को पठान कमिटी की एक बैठक नईम खान की अध्यक्षता में रखी गई। इसमें पठान कमेटी के विस्तार के बारे में राय मशवरा की गई ।पठान कमिटी का विस्तार आने वाले दिनों में लातेहार, लोहरदगा, रांची समेत पूरे झारखंड में किया जाएगा। पठान कमेटी के उद्देश्यों के बारे में बतलाते हुए पठान कमेटी के समशुल खान ने कहा कि आज हमारे कौम में शिक्षा का जो स्तर होना चाहिए वह नहीं है। जीवन में आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा का बहुत अहम योगदान होता है। इसलिए हमारा पहला उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना है। साथ ही उन्होंने कहा कि समाज में जो बुराईयां व्याप्त है उसे आपसी सलाह मशवरा से दूर किया जाएगा। वहीं मोफिल खान ने भी कहा कि आज हमें कौम और समाज के लिए काम करने की जरूरत है । शादी विवाह में कम खर्च कर दिखावा को खत्म करना है। कार्यक्रम का संचालन आरिफ खान ने किया ।बैठक को प्यारे खान, कुर्बान खान, जावेद खान, मोहसिन खान, ईरशाद खान समेत अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। मौके पर मनान खान, मोतीउर रहमान खान समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## साइबर अपराध के मामलो में जागरूकता ही बचाव है: पीडीजे

**लोहरदगा।** सिविल कोर्ट लोहरदगा परिसर स्थित डालसा सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । यह प्रशिक्षण लोहरदगा डालसा द्वारा सीआईडी झारखंड द्वारा प्रशिक्षित सब इंस्पेक्टर आदर्श कुमार के द्वारा दिया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा अरविंद कुमार पांडेय ने कहा कि साइबर अपराध के मामलो में अभी भी जानकारी ही बचाव है । और जितना ज्यादा जागरूकता लोगों में होगी वे साइबर अपराधों से बच पाएंगे । उनके पैसे सुरक्षित रह पाएंगे । डालसा सचिव राजेश कुमार ने उपस्थित पीएलबी, पैनल अधिवक्ता, एलएडीसीएस के अधिवक्ता एवं मध्यस्तों को संबोधित करते हुए यह कहा कि दिनों - दिन अपराध की प्रकृति बदलती जा रही है । अब साईबर फ्रॉड के माध्यम से एक गलत लिंक पर क्लिक करने से आपके सारे पैसे अकाउंट से खाली हो सकते हैं । कार्यक्रम में आदर्श कुमार ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के इस्तेमाल की प्रक्रिया एवं किसी के साथ साइबर फ्रॉड करते हुए यदि बैंक अकाउंट से पैसे की निकासी हो गई है तो उसे कैसे रिपोर्ट दर्ज करना है और अपने पैसे को बचाना है, इस पर फोकस किया गया ।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद लगतार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी : राकेश प्रसाद

# गुमला जिला के तीनों विधान सभा सीट जीतने का भाजपाईयों ने भरा हुंकार

भाजपा का गुमला विधान सभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा संपन्न, कार्यक्रम में लोकसभा में अच्छा कार्य करने वाले कार्यकर्ता हुए सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम को संबोधित करते वरिष्ठ भाजपा नेता विनय लाल

**गुमला।** भाजपा का गुमला विधान सभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा रविवार को बख्तर साय मुंडल सिंह स्मृति भवन जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद साहु की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव में विशेष योगदान के लिए बूथ स्तरीय कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राकेश प्रसाद के द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम की विधिवत शुभारंभ पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने की। मौके पर मुख्य अतिथि श्री राकेश प्रसाद ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरु के बाद देश के लगातार तीसरे बार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी बने हैं। जो यह सिद्ध करता है कि भाजपा संगठन एवं केंद्र सरकाए द्वारा आमजनता के लिये किये गये जनहित का कार्य कितना कारगर है। लोकसभा सीटें जरूर कम आई किंतु केंद्र में लगातार तीसरी बार हमारी सरकार बनी। विगत लोकसभा चुनाव में हमारी आपस की जो विश्वास की कमजोर कड़ियां थी। उसे भुला कर आज नए सिरे से कार्य करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में गुमला जिला की तीनों सीट जितने का लक्ष्य मुख्य अतिथि जी ने कार्यकताओं को दिया है। पूर्व विधायक श्री कमलेश उरांव ने रोपना उरांव के हार पर भी विजय जुलुश निकालने की घटना को कार्यकताओं के समक्ष रखा और कहा कि भाजपा कार्यकर्ता कभी हारता नहीं यह तीसरी बार बना मोदी सरकार इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। पूर्व विधायक श्री शिव शंकर उरांव ने कहा कि संगठन पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के बदौलत है चाहे कितनी भी विपरीत परिस्थिति क्यों न आये हमें किसी भी हाल में कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों का मनोबल ऊंचा रखना है। पूर्व जिला अध्यक्ष विनय लाल ने कहा कि हमने पूर्व में जिला की तीनों सीटें जीते थे। इस बार भी यह तीनों सीट जितने का जज्बा को कायम रख कर जीत हासिल करनी है। वहीं प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू ने भी कार्यकताओं को सम्बोधन किया एवं अपने विचार रखे। मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष यशवंत सिंह व धन्यवाद ज्ञापन नगर अध्यक्ष बालकेश्वर सिंह ने की। कार्यक्रम में बसंत उरांव संतोष सिंह, गोलू श्रीवास्तव, अजित विश्वकर्मा, बबलू वर्मा, बिनोद सिंह, मगन नायक, कंचन सिंह, सत्यभामा सिंह, रितमोहन साहू, दिनेश सिंह, विकास सिंह, संदीप प्रसाद, अनिरुद्धगोप, रामलखन सिंह, राजेन्द्र साहू, जुगल किशोर पांडे, हरि गणेश सिंह, दीपक नायक, विवेक सिंह, जागेश्वर रौतिया, गोवर्धन महतो, पंकज कुमार जगदेव साय, महाबीर रौतिया, राजू नायक, चंद्रेश खेरवार, प्रदीप प्रसाद, जोगेन्द्र साही, कुंवर कवर, जगजीवन भगत, जीतू साहू, मनोज गोप, संतोष कुमार देवघरिया, जगमोहन गोप और संतोष महतो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद श्री समीर उरांव, सविंद्र सिंह, जिला परिषद अध्यक्षा किरण माला बाड़ा, गायत्री देवी, यशवंत सिंह, मिसिर कुजूर, सत्यनारायण पटेल, जगनारायण सिंह, संजय कुमार साहू, निर्मल गोयल, भिखारी भगत, बिनोद कुमार, दामोदर कसेरा, राधेश्याम कुशवाहा, नेसार खान, कौशलेंद्र जमुआर, दिनेश सिंह, विजय केशरी, मनोहर राय, कामेश्वर साय, विकाश कुमार सिंह, संतोष सिंह, अरबिन्द मिश्रा, संदीप प्रसाद संभु सिंह, बबलू वर्मा, दिलीप बड़ाइक, पायल तिवारी, लक्ष्मी बड़ाइक, सोनमणि देवी, गुड्डी नंदा, रामेश्वरी उरांव, शैल मिश्रा, रेखा सिंह,सकुन्तला उरांव, सावित्री मेहता, अनिता देवी, नीलम देवी, रीता देवी, पुष्पा देवी आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## बाइक सवार में पीछे से मारी टक्कर, युवक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के गणेशपुर ग्राम में एक बाइक सवार युवक को पीछे से तेज गति से आ रहे एक मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दिया और फरार होगा। जिससे सोनू कुमार 17 वर्ष पिता मोहन राम ग्राम गणेशपुर थाना बालूमाथ निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। सोनू अपने घर से बालूमाथ बाजार आ रहा था। जिस दौरान यह घटना घटी। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल सोनू कुमार को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## आदिवासी महिला से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के शेरेगड़ा ग्राम स्थित जतराटांड टोला की रहने वाली एक अनुसूचित जनजाति महिला से दुष्कर्म मामले में एक आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने बताया कि बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के शेरेगड़ा, जतराटांड ग्राम की रहने वाली एक महिला ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि ईट भट्ठा में काम करने के दौरान 27 नंबर पुल के पास शौच करने जा रही थी। जहां उपकार उनका कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइट इंचार्ज बेरु उपलैया 48 वर्ष पिता बेरु कुममोरया ग्राम चिन्नानागराम थाना नेलीकुडूर जिला महाबुबाबाद राज्य तेलंगाना ने मुझे अकेले देखकर झाड़ी में ले जाकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। मेरे चीखने चिल्लाने पर जब लोग वहां जुटे और उसके साथ मारपीट करने लगे। तो किसी तरह जान छुड़ाकर वहां से भाग गया था। दिए आवेदन के आधार पर बालूमाथ पुलिस ने बालूमाथ थाना कांड संख्या 66/24 धारा 376(2)के तहत के मामला दर्ज किया था। जिस मामले में बेरु उपलैया को गिरफ्तार कर मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया।

## शिवाटोली के पास आर-15 बाइक ने दूसरे बाइक को मारी टक्कर, 3 घायल, दो रेफर

**चंदवा।** एनएच-75 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के शिवाटोली के समीप छिपादोहर से रांची की ओर जा रही आर-15 बाइक जेएच-03-एजे-3682 ने पीछे से स्प्लेंडर बाइक जेएच-03एए-8125 को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमे स्प्लेंडर बाइक पर सवार हरिनंदन गंझू पिता रिझू गंझू (चिरो चंदवा) व आर-15 बाइक पर सवार राजन सिंह, आलोक सिंह (दोनो भाई) पिता दामोदर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया गया, जहां तीनों का प्राथमिक उपचार किया गया, प्राथमिक उपचार के बाद हरिनंदन गंझू व आलोक सिंह की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने अनुसार हरिनंदन गंझू का एक हाथ टूट गया है व सर में गंभीर चोट लगी है, जबकि आलोक सिंह के सर व हाथ में गंभीर चोट आई है। मिली जानकारी के अनुसार आर-15 बाइक पर सवार राजन व आलोक छिपादोहर से रांची जा रहे थे, जबकि स्प्लेंडर बाइक में सवार हरिनंदन गंझू चिरो से चंदवा बाजार खाद बीज लेने आ रहा था। इसी क्रम में वह शिवा टोली होते हाई स्कूल जाने वाले मार्ग पर मुड़ रहा था कि पीछे से आ रही आर-15 बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उक्त हादसा हुआ।

## नदी में पानी के तेज बहाव में बहा ट्रैक्टर चालक ने भागकर अपनी जान बचाई


नदी के तेज बहाव में बहता ट्रैक्टर।

**बालूमाथ।** बालुमाथ प्रखंड क्षेत्र के मुरपा पंचायत अंतर्गत बलबल ग्राम स्तिथ मंगरदाहा नदी में पानी के तेज बहाव में नदी पार कर रहा एक ट्रैक्टर बह गया। इस दौरान चालक ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। ट्रेक्टर बलबल ग्राम में खेती-बाड़ी को लेकर खेतों की जुताई करने और गोबर की ढुलाई कर वापस मनसिंघा ग्राम नदी होते हुए लौट रहा था। इस दौरान नदी मे पानी के तेज बहाव के कारण ट्रैक्टर टाली बहकर काफी दूर चला गया जिसका कोई अता-पता नहीं चल रहा है' जबकि ट्रैक्टर बह कर कुछ दूरी पर जाकर अटक गई है' पंचायत के मुखिया अजय टाना भगत ने बताया कि कई दशकों से इस नदी पर पुल निर्माण कराने की मांग राज्य सरकार के कई पदाधिकारी के साथ-साथ क्षेत्र के सांसद और विधायक से पुल निर्माण का मांग किया जाता रहा है लेकिन इस नदी में पुल का निर्माण नहीं होने से प्रत्येक वर्ष जान माल के नुकसान का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा है 'वहीं देर शाम तक नदी बाढ़ आ जाने एवं तेज बहाव होने के कारण 50 से अधिक ग्रामीण नदी के किनारे पानी कम होने का आशा देखकर फंसे हुए थे।

### मनिका प्रखंड के जगतु में कूप निर्माण अनियमितता की खबर प्रकाशित होने के बाद ग्राम प्रधान ने आनन-फानन में फिर से लगवाया काम

# झारखंड राज्य मनरेगा वॉच सदस्य ने लिया संज्ञान

- लाभुक को बिना बताए ही 8 से 9 फीट कुआं का गहराई कराकर काम से अधिक पैसे की हुई थी निकासी
- ग्राम प्रधान के द्वारा खुद से ठेकेदारी करना प्रशासन की नाकामी : जेम्स हेरेंज
- जांच कर दोषी के ऊपर होगी कार्रवाई


कूप के गहराई करण में लगे मजदूर।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के कोपे पंचायत अंतर्गत स्थित जगतु गांव में ग्राम प्रधान अरुण सिंह के द्वारा बिरसा सिंचाई कूप योजना के लाभुक मानती देवी को बिना बताए ही 8 से 9 फीट गहराई कराकर 1 लाख 43 हजार 259 रूपए निकाल कर गबन करने का मामला खबर मंत्र के द्वारा दिन रविवार को प्रकाश में लाने के बाद ग्राम प्रधान अरुण सिंह के द्वारा मनरेगा अधिनियम को ताक में रखकर आनन-फानन में मजदूर लगाकर फिर से कूप का गहराई करवाने का काम शुरू कर दिया गया है। वहीं मामले को संज्ञान में लेते हुए झारखंड राज्य मनरेगा वॉच सदस्य जेम्स हेरेंज ने कहा कि मीडिया के द्वारा प्रकाशित करने के बाद मामला संज्ञान में आया है। वहीं ग्राम प्रधान के द्वारा ठेकेदारी करना प्रशासन की नाकामी कही जा सकती है और जिला प्रशासन इसमें साफ तौर पर दोषी है क्योंकि इनका जांच का प्रक्रिया बिल्कुल ठप है। उन्होंने कहा कि दुम्बी और लंका के मामले में हमने पिछले मंगलवार को लातेहार डीसी महोदया को आवेदन के माध्यम से शिकायत दिया था लेकिन उनके रवैया में कोई प्रतिक्रिया नहीं था जब जिला अथॉरिटी इन सब से इतना लापरवाह होंगे तो इस तरह के मामले ऐसे ही सामने आते रहेंगे। उन्होंने कहा कि दिसंबर महीने में हम लोग जब योजना जांच कर रहे थे तो ग्राम प्रधान टीसीबी समेत इत्यादि योजनाओं की जांच में हम लोगों के साथ खड़े थे मतलब भ्रष्टाचार के खिलाफ उनका जज्बा दिख रहा था लेकिन मुझे लगता है कि वह केवल एक दिखावा था क्योंकि उनको खुद करने के लिए ठेकेदारी नहीं मिल पा रही थी इसलिए वे अपने विरोधी लोगों के योजनाओं का जांच करवा रहे थे साथ ही इन सभी लोगों का आपस में मिली-जुली है और हम लोगों को कई बार इन्होंने मोहरा बनाने का काम किया है खासकर कोपे पंचायत में। उन्होंने कहा कि मनरेगा अधिनियम के तहत 15 जून के बाद मिट्टी की कटाई बंद कर दी जाती है हालांकि कूप को बांधने का काम कर सकते हैं अगर बारिश होने के बाद खुदाई की जा रही है तो इसका कोई मतलब नहीं होता है। एक तरह से कह सकते हैं कि मजदूरों के जीवन के साथ यह लोग खिलवाड़ कर रहे हैं क्योंकि पहले भी मनिका प्रखंड क्षेत्र में कूप धंसने की कई घटनाएं हो चुकी है जिसमें दब कर मजदूरों की मौत हो गई थी। उन्होंने कहा कि इस कूप में अभी तक मास्टर रोल के तहत जितना पैसा निकालना था निकल चुका है जबकि अब मास्टर रोल मेंटेन नहीं हो सकता है तो फिर मजदूरों को लगाकर खुदाई करवाने का क्या मतलब है। एक तरह से कह सकते हैं की खुलेआम चोरी हो रही है और इसमें प्रशासन की लचर जनक स्थिति है।

# बनियों अर्धनिर्मित डैम में डूबने से दो छात्रों की मौत

- रविवार को स्कूल छुट्टी होने के कारण दोस्तो के साथ डैम की ओर धुमने गये थे दोनो मृतक छात्र

खबर मन्त्र संवाददाता


मृतक अफरोज अंसारी।


मृतक रूपेश भुईयां।

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना से दो किलोमीटर दूर रविवार को दोपहर करीब 12:00 बजे बनियों डैम में डूबने से अफरोज अंसारी 12 वर्ष पिता महबूब अंसारी एवं रूपेश भुईया 13 वर्ष पिता विजय भुईया दोनों ग्राम हरिजन टोला रहमत नगर थाना बालूमाथ की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार चार-पांच बच्चे बनियों डैम के आसपास खेलने गए हुए थे और इसी बीच दोनो बच्चे नहाने के लिए डैम में उतर गये और गहरा पानी में चल गए। देखते ही देखते दोनों बच्चे की पानी में डूब गए। अन्य बच्चों द्वारा हल्ला करने पर आसपास के ग्रामीण इकट्ठा हो गए और डैम से दोनों बच्चों को बाहर निकाल कर बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मो. अफरोज बालूमाथ बेसिक स्कूल के छठा वर्ग का छात्र था, जबकि रुपेश भुईया उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हरिजन टोला के चतुर्थ वर्ग का छात्र था। रविवार होने के कारण सभी बच्चे घूमने के लिए डैम की तरफ गए थे। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त डैम अभी भी अर्धनिर्मित है तथा डैम अवैज्ञानिक तरीके से बनाया गया है एवम जहां-तहां गड्ढा खोद कर छोड़ दिया गया है। यही कारण है कि दोनों बच्चे नहाने के लिए ज्यो ही उतरे अधिक गहराई में पहुंच गया और दलदल होने के कारण दोनों बच्चे वही फंस गया। घटना के बाद बालूमाथ पुलिस दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया है। इधर घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ज्ञात अरफोज अंसारी के पिता महबूब गांव में घूम कर पापड़ बेचने का काम करता है। जबकि रुपेश के पिता विजय भुईया मजदूरी करने उड़ीसा गया हुआ है।

## मुहर्रम त्यौहार को लेकर बालूमाथ थाना में शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन


शांति समिति की बैठक में शामिल अधिकारी व प्रबुद्धजन।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना परिसर में रविवार को मुहर्रम त्यौहार शांतिपूर्ण मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने किया। मौके पर बोलते हुए बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने कहा कि बालूमाथ में हर त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनता आया है। यह त्योहार भी आप लोगों के सहयोग से शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने मोहर्रम पर्व के अवसर पर निकलने वाले जुलूस के रूट समेत जुलूस में उमड़ने वाले भीड़ के बारे में जानकारी लिया। वही बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने कहा की त्यौहार के दौरान आपसी शौहार्द बिगाड़ने वाले लोगो पर पुलिस की पैनी नजर है। इसके अलावा उन्होंने लोगो से सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट करने से बचने का अपील किया साथ ही बताया कि जुलूस के दौरान बड़े वाहनों का प्रवेश शहर में निषेध होगा। मौके पर बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के मोहर्रम कमेटी से आए लोगों ने थाना प्रभारी को जानकारी देते हुए कहा कि आगामी 18 जुलाई को बालूमाथ बाजार टांड में अखाड़ा आयोजित होगा जहां लोग कला का प्रदर्शन करेंगे। मोहर्रम जुलूस बाजार टांड से निकलकर बालूमाथ थाना चौक से वापस बाजार टांड लौटेगी। इसके अलावा मासियातू, शेरेगड़ा, धाधु, जिलंगा, मुरपा समेत कई जगहों के आये लोगो ने त्योहार मनाने को लेकर अपना-अपना विचार रखा। मौके पर बालूमाथ के मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मन्नान कुरैशी, समाजसेवी शैलेश सिंह, पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो. जुबेर, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात, भाजपा नेता प्रेम गुप्ता,रंजीत यादव, मो. इमरान, राजन यादव, संतोष राम, शेरेगड़ा मुखिया सुरेंद्र उरांव समेत कई लोगों ने अपना विचार रखा। और त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन को सहयोग करने की बात कहा। मौके पर बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव, बालूमाथ सर्किल इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ, बालूमाथ थाना एसआई गौतम कुमार, सत्यदेव कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## मुहर्रम के सप्तमी पर कर्बला में हुई चादरपोशी, जुटे अकीदतमंद

**चंदवा।** मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा मुहर्रम की सप्तमी के मौके पर रविवार को कामता कर्बला में चादरपोशी की गई। इसके बाद अकीदतमंदों ने फातिया पढ़ा जिसके बाद सबों ने सामूहिक रूप से राज्य व देश की तरक्की के लिए अमन-चैन की दुआएं मांगी। कर्बला के समीप मुहर्रम सप्तमी के मौके पर मेले जैसा नजारा दिखा। मेले में सभी दुकानों पर खरीददारी को लेकर महिलाओं व बच्चों की भीड़ जुटी रही। शहर के साथ-साथ मुस्लिम बाहुल्य ग्रामीण इलाकों के भी बड़ी संख्या में लोग कर्बला पहुंच मन्नतें और दुआएं मांगी। लोगों के बीच शिरनी बांटे गए। जानकारी देते हुए शुक्रबजार के सदर असगर खान व समाजसेवी ग्यास खान ने बताया कि 15 जुलाई सोमवार को इमामबाड़ों से निशान और झंडों के साथ अखाड़ा जुलूस निकाला जाएगा, जो टोरी रेलवे क्रॉसिंग से वापस हो जाएगी। 16 जुलाई मंगलवार को छोटकी चौकी का जुलूस मुख्य शहर होते इंदिरा गांधी चौक से वापस होगी। 17 जुलाई को पहलाम का ताजिया जुलूस निकाला जाएगा जो शहर के मुख्यमार्ग से होते हुए इंदिरा चौक पहुंचेगा, यहां से जुलूस थाना परिसर जाएगी जहां करतब और ताजिया की प्रदर्शनी होने के पश्चात वापस कामता मेलाटांड़ के बाद कर्बला पहुंचेगी, यहाँ कर्बला रस्म अदायगी के साथ ही मुहर्रम का समापन हो जाएगा।

# भाजपा नेता चेतलाल रामदास ने किया तूफानी दौरा, लोगों से किया मुलाकात

खबर मन्त्र संवाददाता


जन संपर्क अभियान चलाते चेतलाल रामदास।

**बारियातू।** विधानसभा क्षेत्र 074 के भाजपा नेता चेतलाल रामदास लगातार क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं>। क्षेत्र के दौरा करने के क्रम मे लोगों से मुलाकात कर विधानसभा चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया। वहीं शनिवार को बारियातू प्रखंड के राजगुरु ग्राम पहुंच कर ग्रामीणों से विधानसभा चुनाव को लेकर बातचीत की। जहां बारियातू प्रखंड के बालूभांग, फूलसु, राजगुरु, मकरा, रहैया सहिता आसपास के काफी संख्या मे ग्रामीण युवक युवतियों ने भाग लिया। इधर लातेहार जिला के निंदिर गांव पहुंच कर ग्रामीण से रुबरु हुए। उसके पश्चात लोगों को कहा की आने वाले विधानसभा चुनाव 2024 मे लातेहार विधानसभा से मुझे टिकट मिला तो निश्चित रूप से चुनाव लड़ने जा रहा हूं। आप सबों के भागीदारी और प्यार आशीर्वाद के बिना आगे चलना संभव नहीं है। इसलिए आप सब मुझे सेवा देने के लिए एक मौका दें। इसपर ग्रामीणों ने एक स्वर मे कहा की आप संघर्ष करो चेतलाल हमलोग आपके साथ साथ हैं। वहीं कई समस्याओं पर भी चर्चा किया गया। इसके पश्चात भाजपा के चेतलाल रामदास जी ने निंदिर गांव की जनता के बीच जनसंवाद एवं मोदी जी के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं को ग्रामीण जनता के सामने अपनी बात को रखकर अवगत कराया। साथ ही आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता से भारी मतों में वोट कर भारतीय जनता पार्टी के सरकार बनाने का आग्रह किया। ज्ञात हो की चेतलाल रामदास पिछले कई माह से जन संपर्क कर अपना जनाधार बनाने मे कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसके पूर्व कई गांवो का दौरा किया और लोगों से मुलाकात कर अपार समर्थन हासिल करने की कयावाद शुरू कर दिया है। लोक सभा चुनाव मे भी भाजपा के पक्ष मे कड़ी मेहनत कर सराहनीय योगदान दिया। आपको बताते चलें की चेतलाल रामदास पूर्व मे समाज सेवी के रूप मे काफी हद तक काम किया है। लोगों के साथ जुड़ाव रहा है। लगातार तूफानी दौरा से अन्य राजनीती पार्टी के नेता भी रेस हो गए हैं। लातेहार विधानसभा सभा क्षेत्र मे बालूमाथ, बारियातू, हेरहंज चंदवा व लातेहार ब्लॉक है जहां समय समय पर सभी ब्लॉक क्षेत्र मे दौरा कर जन संपर्क अभियान चला रहे हैं। मौके पर काफी संख्या मे समर्थक मौजूद थे।

## एकमहुआ में फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**चंदवा।** प्रखंड के हुटाप पंचायत अंतर्गत एक महुआ खेल मैदान में अकेला दिलबहार क्लब के तत्वावधान में 14 से 19 जुलाई तक आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ रविवार को हुआ। बतौर मुख्यातिथि माल्हन मुखिया जतरु मुंडा, सोनू सिंह, डॉ. मनीष सिंह, संजय साव व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत फीता काटकर किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला गोली चंदवा बनाम केबी खंडा खलारी के बीच खेला गया जिसमे गोली की टीम 1-0 से जीत दर्ज कर दूसरे चक्र में अपना स्थाना सुनिश्चित किया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि खेल से युवा शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत होते हैं, वर्तमान समय में खेल मनोरंजन का साधन मात्र नही रह गया है बल्कि भाग दौड़ के दिनचर्या फिट रहने के लिए जरुरी है। आगे कहा कि आज खेल के क्षेत्र में भविष्य संवारने के बेहतर विकल्प है, इसलिए समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए ताकि क्षेत्र के युवाओं के प्रतिभा को मंच मिले व युवा खेल के माध्यम से क्षेत्र का नाम रौशन कर सकें। बता दें कि टूर्नामेंट बालक और बालिका दोनों वर्ग के लिए आयोजित है। बालक वर्ग में प्रवेश शुल्क 2250 रुपए व बालिका वर्ग में प्रवेश शुल्क 1501 रुपए निर्धारित है। बालक वर्ग में विजेता टीम को 10 हजार रुपये नगद व खस्सी, उप विजेता टीम को 8 हजार रुपये व खस्सी, तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम को 5 हजार रुपये नगद व खस्सी वहीं चतुर्थ स्थान पर रहने वाली टीम को 3000 नगद व खस्सी प्रदान किया जायेगा जबकि बालिका वर्ग में विजेता और उपविजेता टीम को खस्सी प्रदान किया जाएगा। टूर्नामेंट को सफल बनाने में रौशन खाखा, मुकेश गंझू, तिनित टोप्पो, संदीप कुमार, गोडसन टोप्पो, पप्पू टोप्पो, सुमित, मुकेश, सुरेश समेत टीम के कई लोग लगे हुए हैं।



## सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी के ट्रक मालिकों का सातवें दिन भी धरना रहा जारी



धरने पर बैठे ट्रक मालिक।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी में वर्ष 2018 की भाड़ा लागू करने की मांग लेकर विस्थापित-प्रभावित ट्रक ऑनर एशोसिएशन लातेहार/चतरा के बैनर तले लगातार सांतवे दिन हड़ताल पर बैठे ट्रक मालिक के साथ डिस्पैच ऑफिसर दयाशंकर ओझा/लिफ्टर/ट्रक मालिको के साथ त्रिपक्षीय हुई वार्ता विफल हो गयी।

बैठक में आए विभिन्न कंपनियों की लिफ्टर ने अपनी अपनी बात रखते हुए कहा कि हम लोगों को कंपनी के ट्रांसपोर्टर द्वारा आदेश दिया गया है कि अभी वर्तमान दिए जा रहे भाड़ा में 100 रुपया प्रति टन की बढ़ोतरी करना है। जिससे नाराज ट्रक मालिको ने कहा कि विभिन्न कंपनी के ट्रांसपोर्टर द्वारा सीसीएल द्वारा दिए गए फ्री पेपर को मनमाना अवैध पैसा लेकर दिया जाता है। एवं टीडीएस, अनलोडिंग के नाम पर मनमानी राशि वसूला जाता है ।हम सभी ट्रक मालिकों का दोहन हो रहा है। बैठक में कंपैक्ट कंपनी (दुग्धा साइडिंग) केवाएस कंपनी (टाटा) सरोज कम्युनिटी (सेल का कोयला) मां छिन्नमस्तिका (रामगढ़) खन्ना कंपनी (पंजाब) रुंगटा माइंस (चिलयामा) के लिफ्टर आए हुए थे। जहां पर ट्रक मालिको ने कहा कि इन सभी बातों को देखते हुए लिफ्टर की जगह ट्रांसपोर्टर वार्ता के लिए आए और अपना पक्ष रखें। तब जाकर यह हड़ताल समाप्त होगा ।अगर सीसीएल एवं ट्रांसपोर्टर हम लोगों की मांगों पर विचार नहीं करते हैं तो 16 जुलाई से होने वाले अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल में हम लोग जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब तक भुख हड़ताल पर रहेंगे।

इसको लेकर बालूमाथ अंचलाधिकारी से पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति एवं मेडिकल टीम की व्यवस्था करने का आग्रह किया गया है। मौके पर बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम, बालूमाथ ट्रक ऑनर एशोसिएशन संजीव सिन्हा, विस्थापित नेता सत्यनरायन साव, त्रिवेणी प्रसाद,मिथुन कुमार,शंभु साव, राजेश राम, संजय गुप्ता, अरुण केशरी, राजेन्द्र राम, विनय कुमार, कमलेश सिंह, हनी खान, सुनील यादव, बबलू चौरसिया समय कई लोग मौजूद थे।

## लातेहार विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा संपन्न

# कार्यकर्ता ही मुख्य रूप से भाजपा की पूंजी है : बालमुकुंद सहाय


कार्यकर्ताओं को सम्मानित करते पूर्व विधायक प्रकाश राम।


भाजपा कार्यकर्ता को सम्मानित करते अतिथि।


कार्यक्रम में शामिल भाजपा कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार विधानसभा स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन लातेहार में अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा पूर्व विधायक सह विधानसभा संयोजक प्रकाश राम मुख्य रूप से उपस्थित हुए। वहीं कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता ही मुख्य रूप से पार्टी के पूंजी हैं, क्योंकि कार्यकर्ता ही जनता के बीच नेता बनाते हैं और हर स्तर के सांगठनिक कार्यक्रमों के जरिए संगठन को भी मजबूत भी बनाते हैं। उन्होंने कहा कि नेताओं को रोज सम्मानित किया जाता है, लेकिन कार्यकताओं को वही करना होता है, जिसका संकेत पार्टी की ओर से दिया जाता है। जनता के सवालों का जवाब भी कार्यकताओं को ही देना होता है। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार की तीसरी बार सत्ता में आने का सारा श्रेय भाजपा के करोड़ों कार्यकताओं के साथ-साथ लातेहार जिले के कार्यकताओं को दिया और कहा कि इंडी गठबंधन के गलत प्रचार का जवाब जनता के बीच कार्यकताओं ने दिया है।

### कार्यकताओं को अंगवस्त्र भेंट कर किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में आए बूथ स्तरीय कार्यकताओं को मुख्य अतिथि ने सभी को अंग वस्त्र से सम्मानित करने का कार्य किए। मंच पर मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव चतरा पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष लाल कौशल नाथ साहदेव व लाल अमित नाथ साहदेव, वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र पाठक, सरयू सिंह, जिला परिषद अध्यक्षा पूनम देवी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अवधेश सिंह चेरो, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, जिला मंत्री ध्रुव कुमार पांडेय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्षा सीत्तामणि तिर्की, युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुकेश पाण्डेय, लातेहार विधानसभा प्रभारी रामदेव सिंह, जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पांडेय, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान, लातेहार नगर मंडल अध्यक्ष रितेश प्रसाद, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद, जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, रमेश राम, बलवंत सिंह, लातेहार प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा, उप प्रमुख राजकुमार प्रसाद, जिला कार्य समिति सदस्य आनंद सिंह, मनोज कुमार और ओबीसी जिला महामंत्री विष्णुदेव गुप्ता मंचस्थ रहे,चंदवा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, मंच का संचालन जिला महामंत्री बंशी यादव ने की। वहीं समापित की घोषणा वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश पाठक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी मोर्चा के कार्यकताओं के साथ बूथ स्तर के सभी कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

